भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या:100
गुरुवार, 5 फ़रवरी, 2026/16 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

छर्रा एयरफील्ड के उन्नयन का प्रस्ताव

***100. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पश्चिम बंगाल राज्य सरकार ने पुरुलिया जिले में द्वितीय विश्वयुद्ध के समय के छर्रा एयरफील्ड का उन्नयन वाणिज्यिक विमानपत्तन के रूप में करने के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ख) यदि नहीं, तो क्या ऐसा प्रस्ताव नहीं होने के कारण इस संबंध में आगे की कार्रवाई में विलंब हुआ है।

(ग) क्या उक्त एयरफील्ड के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन, तकनीकी मूल्यांकन या विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (बीपीआर) तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्य सरकार से अपेक्षित जानकारी या अनुमोदन नहीं मिलने के परिणामस्वरूप इसकी प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ङ) क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इस योजना की प्रक्रिया में शामिल है और वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा लंबित निर्णयों के कारण इसकी भूमिका सीमित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(च) क्या इस संबंध में पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है. यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (च): ववरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"छर्रा एयरफील्ड के उन्नयन का प्रस्ताव" के संबंध में श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो द्वारा पूछे गए दिनांक 05.02.2026 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 100 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (च): पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के अनुरोध पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने वर्ष 2023 में छर्रा में मौजूदा हवाईक्षेत्र के विकास और उन्नयन के लिए व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन किया था और राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। इस हवाईपट्टी के विकास के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******